**विधान परिषद के तृतीय सत्र 2023 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-05 का उत्तर**

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 05(क) | क्या कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसन्धान मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश में कितने कृषि और प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय संचालित हैं? | जी हाँ,<br>प्रदेश में कुल 05 कृषि और प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय संचालित हैं, जिनमे 04 राज्य सरकार के अधीन व 01 निजी क्षेत्र का है। |
| (ख) | उक्त विश्वविद्यालयों में संवर्गवार कितने पद सृजित है, तथा कितने पद रिक्त है? | • चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर में शैक्षणिक संवर्ग के कुल 224 पद सृजित एवं 194 रिक्त है तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 1338 पद सृजित एवं 238 पद रिक्त हैं।<br>• आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या में शैक्षणिक संवर्ग कुल 396 पद सृजित एवं 204 पद रिक्त है तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 582 पद सृजित एवं 365 पद पद रिक्त हैं।<br>• सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में शैक्षणिक संवर्ग के कुल 396 पद सृजित एवं 255 पद रिक्त है तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 183 पद सृजित एवं 55 पद पद रिक्त हैं।<br>• बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा में शैक्षणिक संवर्ग के कुल 126 पद सृजित एवं 37 पद रिक्त है तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 08 पद सृजित एवं 01 पद रिक्त हैं।<br>• सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शैक्षिक संवर्ग के कुल 119 पद सृजित एवं 17 पद रिक्त है तथा गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 103 पद सृजित एवं 09 पद रिक्त हैं। |
| (ग) | क्या यह पद बहुत दिनों से रिक्त चले आ रहे हैं? | उक्त पदों की रिक्तता के दृष्टिगत शासन की अनुमति के उपरान्त आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा एवं सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज में पदों को भरे जाने की प्रक्रिया सतत है। |
| (घ) | क्या उक्त रिक्तियों को बनाए रखने वाले उतरदायी अधिकारियों के प्रति कार्यवाही करते हुए पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | प्रश्न नहीं उठता है। |

सूर्य प्रताप शाही,
मंत्री,
कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग।